पंजाब केसरी 25/09/2025

# डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक विकास का अभिन्न अंग : डॉ. रोहित दत्त



गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में 'युवाओं में साइबर सुरक्षा फॉर टीन्स और भारत की अर्थव्यवस्था' विषय पर व्याख्यान देते विशेषज्ञ। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 24 सितम्बर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में बुधवार को अर्थशास्त्र विभाग के सौजन्य से 'युवाओं में साइबर सुरक्षा फॉर टीन्स और भारत की अर्थव्यवस्था' विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस दौरान विशेषज्ञ डॉ. गौरव खन्ना ने साइबर सुरक्षा से जुड़े समकालीन मुद्दों तथा उनके भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले व्यापक प्रभावों पर विद्यार्थियों को मूल्यवान जानकारी प्रदान की।

अपने संबोधन में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि आज के डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा केवल व्यक्तिगत सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक विकास का भी अभिन्न अंग है।

भारत तीव्र गति से डिजिटल अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है और इस यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए युवाओं का जागरूक और सक्षम होना अत्यंत आवश्यक है। ऐसे व्याख्यान न केवल छात्रों को अद्यतन जानकारी प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें भविष्य की डिजिटल चुनौतियों का सामना करने के लिए भी तैयार करते हैं। कॉलेज प्रशासन सदैव प्रयासरत है कि विद्यार्थियों को समकालीन एवं व्यावहारिक विषयों पर विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त हो।

उन्होंने इस आयोजन के लिए कार्यक्रम की संयोजिका प्रो. गीति बिंद्रा को बधाई दी।